**बिहार सरकार**
**ग्रामीण कार्य विभाग**
**बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण**
**<u>तृतीय तल, भूमि विकास बैंक भवन, बुद्ध मार्ग, पटना–1</u>**

## भाड़े पर जेनरेटर हेतु कोटेशन आमंत्रण सूचना

बिहार ग्रामीण पथ विकास अभिकरण, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार का एक उपक्रम है, जिसे अपने कार्यालय हेतु भाड़े पर 100 KVA क्षमता के Silent जेनरेटर की आवश्यकता है। इच्छुक निबंधित फर्म/संस्थान 100 KVASilent जेनरेटर का मासिक दर (सभी कर सहित) वांछित कागजातों के साथ सचिव, बी०आर०आर०डी०ए० के पद नाम से दिनांक–25.09.2018 को अपराह्न 3:00 बजे तक निम्नांकित शर्तों के साथ मुहरबंद लिफाफे में कोटेशन आमंत्रित की जाती है। प्राप्त कोटेशन दिनांक–25.09.2018 को अपराह्न 3:30 बजे खोला जायेगा।

**शर्तें निम्नवत् है:–**

1. जेनरेटर के परिचालन हेतु ईंधन की आपूर्ति निविदादाता द्वारा की जायेगी।
2. जेनरेटर के रख–रखाव का समस्त खर्च निविदादाता द्वारा वहन किया जायेगा।
3. जेनरेटर ऑपरेटर की व्यवस्था निविदादाता अपने खर्च पर करेंगे।
4. निविदित दर प्रतिमाह सभी कर सहित मान्य होगा।
5. निविदित दर (सभी कर सहित) एकरारनामा की तिथि से अगले एक वर्षों के लिए मान्य होगा। इसमें किसी भी प्रकार के बढ़ोत्तरी का दावा स्वीकार्य नहीं होगा।
6. यंत्र–संयंत्र की सुरक्षा की जवाबदेही निविदादाता की होगी एवं किसी भी प्रकार के क्षतिपूर्ति का दावा मान्य नहीं होगा।
7. परिचालन की अवधि प्रतिदिन प्रातः 9.30 से सांय 8 बजे तक होगी।
8. किसी भी प्रकार के Breakdown की स्थिति में निविदादाता को Backup की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।
9. यदि निविदादाता किसी अन्य सरकारी/अर्द्धसरकारी/संस्थान/बोर्ड/निगम आदि में अपनी सेवा दे रहे हों तो उन्हें वरीयता दी जायेगी।
10. सफल निविदादाता को निविदा खुलने के 07 दिनों के अंदर एकरारनामा करना तत्पश्चात 03 दिनों के अंदर जेनरेटर का परिचालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।
11. निविदादाता को अपना PAN No., GST No. एवं अन्य संबंधित आवश्यक कागजात होना चाहिए। GST No. उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में एकरारनामा के एक माह के अंदर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
12. जेनरेटर से होने वाले प्रदूषण को निर्धारित मानकों के अनुरूप नियंत्रित करना आपूर्तिकर्त्ता की जिम्मेवारी होगी।

13. कोटेशनदाता निम्न विहित प्रपत्र में अपना कोटेशन समर्पित करेंगे:–

| कोटेशनदाता का नाम एवं पता | PAN No | GST No | कोटेशनदाता द्वारा100 KVASilent जेनरेटर भाड़े पर उपलब्ध कराने के विरूद्ध उद्धृत मासिक दर सभी कर सहित अंक एवं शब्दों में। |
|---|---|---|---|
| | | | |

14. कोटेशनदाता बन्द लिफाफे में विहित प्रपत्र में सभी आवश्यक प्रपत्रों को संलग्न कर कोटेशन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–25.09.2018 के अपराहन् 3:00 बजे तक डाक के माध्यम से अथवा हाथों हाथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय तृतीय तल, भूमि विकास भवन, बुद्ध मार्ग, पटना में जमा करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी परिस्थिति में निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त कोटेशन मान्य नहीं होगा।
15. बिना कारण बताये निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत/रद्द करने एवं त्रुटिपूर्ण/असंतोषजनक सेवा की स्थिति में एकरारनामा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

    अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा विभागीय Website-rwdbihar.gov.in पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

ह0/–

(संजय कुमार)
अपर मुख्य कार्यपालक
पदाधिकारी–सह–सचिव, ब्राडा

ज्ञापांक:– BRRDA(HQ)-460/14 –3445 पटना/दिनांक:–6.9.018

प्रतिलिपि:– IT प्रबंधक ग्रामीण कार्य विभाग को कोटेशन आमंत्रण सूचना का प्रारूप विभागीय Website Website-rwdbihar.gov.in पर Upload करने हेतु प्रेषित।

(संजय कुमार)